आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच असाधारण तालमेल और एकजुटता का साक्षी बना है। यह बदलती विश्व व्यवस्था और युद्ध के नए तरीकों की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित रणनीति तैयार करने के सरकार के संकल्प की भी पुष्टि करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में पारंपरिक रक्षा दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं है क्योंकि युद्ध अब विषम रूप ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ–साथ रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रक्षा बलों को सशक्त करने के लिये कई साहसिक सुधार किए हैं।

*अब युद्ध सिर्फ सीमाओं पर नहीं लड़े जाते। वे हाइब्रिड और असिमिट्रिकल स्वरूप ले चुके हैं और इनके थिएटर्स ऑफ कन्फ्लेक्ट जमीन से लेकर आउटर स्पेस तक फैले हुए हैं। ऐसे समय में ट्रेडिशनल डिफेंस आउटलुक अब पर्याप्त नहीं रह गया है। अगर हमें इन बदली परिस्थितियों का सामना करना है तो हमारी डिफेंस स्ट्रेटेजीस को अधिक कोऑर्डिनेटर, एडाप्टिव और प्री ... होना होगा और हमारी सरकार ने फ्यूजर रेडी और रोबस्ट आर्म्ड फोर्सेस के निर्माण के लिए कई बोल्ड और डिसाइसिव रिफॉर्म्स भी किए हैं और ये रिफॉर्म्स भारत की नेशनल सिक्योरिटी के साथ–साथ हमारी स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी को भी इनश्योर करते हैं।*

भाईदूज

देश सहित प्रदेश भर में भाई–दूज का पर्व आज उत्साह और उल्लास के साथ मानाया जा रहा है। इस अवसर पर बहने अपने भाईयों को तिलक कर उनकी लंबी उम्र, सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती है। साथ ही यह पर्व भाई और बहन के बीच स्नेह और विश्वास को और मजबूत बनाने का संदेश देता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को भाईदूज की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भाई दूज का पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से इस भाईचारे और पारिवारिक मेलजोल को बढाने का आग्रह किया और सभी के जीवन में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

फ्री बस सेवा

प्रदेश में आज भाईदूज पर महिलाओं को एचआरटीसी बसों में फ्री यात्रा की सुविधा मिलेगी। एचआरआरटीसी प्रबंधन की ओर से चालकों व परिचालकों को आदेश जारी किए गए है कि वह हर स्टॉपेज पर महिलाओं को बस रोकें। निगम की बसों में महिलाओं को फ्री यात्रा का लाभ प्रदेश की सीमा के अंदर सूर्यास्त तक ही मिलेगा।

जीएसटी

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर से शुरू हुआ था।

*जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के वित्तीय बोझ कम करने के लिए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं पर करों में कमी की है। संशोधित जीएसटी ढांचों के तहत एयर कंडीशनर और टेलीविजन पर कर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। मॉनिटर, प्रोजेक्टर और इलेक्ट्रिक संचायक पर कर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही डिशवॉशर पर जीएसटी कर 18 प्रतिशत होने से अब यह घरों के लिए किफायती हो गए हैं। समाचार कक्ष से मै नुसरत अंजुम..........*

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी विनियमों में बदलाव प्रस्तावित किए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार सामग्री की स्पष्ट लेबलिंग अनिवार्य बनायी गयी है। बदलावों में फेसबुक और यू–ट्यूब जैसे व्यापक प्लेटफॉर्म की जवाबदेही बढ़ाने का भी प्रावधान है, ताकि डीपफेक और भ्रामक सूचनाओं से होने वाली हानि रोकी जा सके।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निगरानी, अस्पताल पूर्व देखभाल और रासायनिक आपात स्थितियों में चिकित्सा प्रबंधन पर तीन मॉडयूल जारी किए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कल मॉड्यूल जारी किये। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ये मॉडयूल राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से विकसित किए गए हैं। इनका उद्देश्यव रासायनिक आपात घटनाओं के दौरान समय से और प्रभावी प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों और कर्मियों को आवश्यक जानकारी और कौशल से लैस करना है।

केदारनाथ मंदिर

उत्तराखंड में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ मंदिर और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए आज से बंद कर दिये जाएंगे। केदारनाथ मंदिर के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे बंद कर दिए गए है जबकि श्री यमुनोत्री धाम के कपाट दिन के साढ़े बारह बजे बंद होंगे। शीतकालीन प्रवास के लिए बाबा केदार की प्रतिमा उखीमठ स्थित ओमकारेश्वरर मंदिर में और देवी यमुना की प्रतिमा खारसाली में रखी जाएगी। इस वर्ष दस लाख 74 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री केदारनाथ धाम के और छह लाख 44 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री यमुनोत्री धाम के दर्शन किए।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बीती रात को भी हल्की बर्फबारी हुई है। लाहौल स्पीति के गोंदला में बर्फ के हल्के फाहें गिरे है। इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बर्फबारी के बाद पहाड़ी इलाकों में शीतलहर का असर साफ नजर आने लगा है। आज कुकमसेरी का न्यूनतम तापमान 0 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वहीं दूसरी तरफ शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत हल्की गुनगुनी धूप के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज भी प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं कहीं पर

मौसम के खराब रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। कल से 29 अक्टूबर तक प्रदेश में मौसम सभी जगह शुष्क बना रहेगा।